हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार 2 मई 2026

11 मंडियों में उठान कार्य में आई तेजी, 74.7 % की लिफ्टिंग



12 बुद्ध जयंती पर शहर में निकाली शोभायात्रा



## खबर संक्षेप

### 31 को होगा ब्राह्मण सभा का चुनाव

**बहादुरगढ़।** ब्राह्मण सभा के चुनाव 31 मई को आयोजित किए जाएंगे। चुनाव अधिकारी नरेंद्र मुदगिल ने बताया कि इसके तहत सदस्यता अभियान 20 मई तक जारी रहेगा। इच्छुक उम्मीदवार 21 से 26 मई तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इसके बाद 27 से 29 मई तक नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे। सभी औपचारिकताओं के बाद 31 मई को कार्यकारिणी का चयन किया जाएगा।

### मोबाइल से हुई युवक के शव की शिनाख्त

**बहादुरगढ़।** कसार-नूना माजरा मार्ग मार्ग पर एक फिलिंग स्टेशन के पास माइनर में मिले शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक की पहचान करीब 46 वर्षीय भूटाई राय के रूप में हुई है। शुक्रवार को पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। दरअसल, गत 27 अप्रैल को सीएनजी पंप के पास माइनर की पुलिया के नीचे एक शव पाया गया था। शव गली सड़ी अवस्था में था। मौके पर पहचान नहीं हो सकी थी। इस दौरान पुलिस को उसके कपड़ों से मोबाइल बरामद हुआ। उस मोबाइल की पुलिस ने मरम्मत कराई तो कुछ नंबर प्राप्त हुए। इस आधार पर पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क साधा। परिजन यहां आए तो पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। व्यक्ति की मौत के कारणों की असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो पाएगी।

### श्री श्याम वंदना महोत्सव छह मई को

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के विकास नगर में स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर परिसर में आगामी छह मई को चौथे श्रीश्याम वंदना महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। श्री खाटूश्याम मंदिर कमेटी की ओर से आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। प्रधान मंजीत पाराशर ने बताया कि महंत कालीदास महाराज, पृथ्वी सिंह चौहान, गणेश महाराज, कमलकांत महाराज, देवेंद्र पुजारी, विष्णु पुजारी आदि के सानिध्य में यह आयोजन होगा। कोलकाता के संजय मित्तल, जेवर नोएडा के रामकुमार लक्खा, विकास महरोलिया, धर्मेश दर्शन, धीरज गांधी, गौरव भारद्वाज, रोहित कटारिया, हेमंत नंदा, उमा सलोनी गुप्ता, डिंपी राम आदि अपनी मधुर वाणी से बाबा की महिमा का बखान करेंगे।

### शनि धाम में कल लगेगा चेकअप कैंप

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड स्थित शक्तिपीठ देवी मंदिर शनिधाम के 17वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार 3 मई को एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। कृष्ण कुमार सिंहल ने बताया कि जीवन ज्योति हॉस्पिटल के सहयोग से प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक शिविर में क्षेत्र के लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क प्रदान की जाएंगी। मरीजों को आंखों की दवाइयां व चश्मे भी दिए जाएंगे।

## गांव झाड़ौदा में बाबा हरिदास समाधि स्थल पर मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में उमड़े श्रद्धालु

# हरिदास मंदिर पुनर्निर्माण के लिए आर्यन मान ने दिए एक करोड़ 11 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव झाड़ौदा स्थित श्रद्धा एवं आस्था के केंद्र बाबा हरिदास समाधि स्थल मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को धार्मिक रीति-रिवाजों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष आर्यन मान ने बाबा हरिदास के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए मंदिर पुनर्निर्माण के लिए 1 करोड़ 11 लाख रुपये की धनराशि दान स्वरूप भेंट की।



बहादुरगढ़। झाड़ौदा में मंचासीन संतों का अभिवादन करते डूसू अध्यक्ष आर्यन मान।

बाबा हरिदास समाधि स्थल कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित शिलान्यास समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, ग्रामीणों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। शुक्रवार सुबह भूमि पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद दिव्य शिला पूजन और कुर्मशिलान्यास की रस्में पूरी श्रद्धा के साथ संपन्न कराई गईं। पूरे वातावरण में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष संचार देखने को मिला। डूसू अध्यक्ष आर्यन मान ने कहा कि बाबा हरिदास की तपोभूमि समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और इस पवित्र स्थल का भव्य पुनर्निर्माण क्षेत्र की धार्मिक पहचान को मजबूत करेगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। लोवा सत्रह के प्रधान अशोक मान ने बाबा हरिदास की महिमा का वर्णन करते हुए सभी श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। समारोह में महंत बाबा बालक नाथ, महंत श्री कालिदास, महंत श्री कृष्ण नाथ, महंत श्री कपिल पुरी, महंत श्री राजू दास सहित अनेक संत-महात्माओं की मुख्य उपस्थिति रही। संतों ने अपने आशीर्वचनों में बाबा हरिदास की महान तपस्या, लोककल्याणकारी विचारधारा और समाज में उनके योगदान को याद किया। एसीपी प्रदीप खत्री ने भी मंदिर निर्माण में 5 लाख रुपये का सहयोग दिया। जबकि हरियाणा ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने भी बाबा हरिदास के चरणों में माथा टेका और मंदिर निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 21 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की। उन्होंने कहा कि बाबा हरिदास समाधि स्थल मंदिर का नूतनीकरण आने वाली पीढ़ियों को हमारी परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

### नामी कलाकारों ने किया बाबा का गुणगान

गांव झाड़ौदा समेत आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनकर मंदिर पुनर्निर्माण के लिए सहयोग और समर्थन का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान नरेंद्र दांगी, सुरेंद्र और रमेश कलावड़िया सहित कई कलाकारों ने बाबा हरिदास की महिमा का गुणगान करते हुए पारंपरिक रागनियों की प्रस्तुतियां दीं, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। धार्मिक आयोजन के पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया।।

## दो दमकल कर्मियों व एक सफाई कर्मचारी के लिए मांगा न्याय

# कामकाज छोड़ हड़ताल पर रहे नगर परिषद के सफाई कर्मचारी, दिनभर की नारेबाजी

- आज फिर हड़ताल पर रहेंगे कच्चे सफाई कर्मचारी
- पक्का करने और तब तक 30 हजार रुपये न्यूनतम वेतन की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर शुक्रवार को नगर परिषद के सभी कच्चे सफाई कर्मचारी हड़ताल पर रहे। कच्चा बाबरा रोड स्थित दमकल केंद्र के बाहर कर्मचारी अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के साथ हड़ताल पर बैठे। हड़ताल की अध्यक्षता इकाई प्रधान शिवम चांवरिया द्वारा की गई, जबकि मंच संचालन सचिव विकास उज्जैनवाल ने किया।

इस दौरान ठेका प्रथा बंद करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और जब तक पक्का नहीं किया जाता तब तक 30 हजार रुपये न्यूनतम वेतन लागू करने संबंधी मांग उठाई। कर्मचारियों ने अग्निशमन विभाग फरिदाबाद में काल का ग्रास बने दिवंगत कर्मचारी भवीचन्द शर्मा और रणबीर को शहीद का दर्जा व आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता की मांग भी की। इसके अलावा उन्होंने पालिका रोल के सफाई कर्मचारी राजेश की आक्समिक मौत मामले में भी उचित मुआवजा व परिवार के सदस्य को नियमित नौकरी देने की मांग की। शिवम ने बताया कि उनकी यह हड़ताल शनिवार को भी जारी रहेगी। यदि सरकार ने उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया तो वे बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस दौरान कर्मचारियों ने दिनभर सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की।



झज्जर। धरनारत कर्मचारी सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए।

### समर्थन में उतरे अन्य कर्मचारी संगठन

हड़ताल में सर्व कर्मचारी संघ, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, सीआईटीयू, आशा वर्कर सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने भी समर्थन देते हुए सफाई कर्मचारियों के साथ बैठकर नारे लगाए। आशा वर्कर यूनियन की सदस्य लघु सचिवालय से प्रदर्शन करते हुए फायर ब्रिगेड परिसर पहुंची। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ से जिला प्रधान रामवीर, जिला सचिव नरेश, अध्यापक संघ से रमेश जाखड़, नगर पालिका संघ से राज्य संगठनकर्ता राजपाल, राजेंद्र जुलाना, जयपाल गुढ़ा, रामेश्वर, देवेंद्र यादव, सीआईटीयू सचिव किरण, किसान सभा के जिला प्रधान सुरेंद्र सिवाच, बलबीर, आशा वर्कर यूनियन की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवेश मातनहेल, ग्रामीण सफाई कर्मचारी सभा राज्य के कैशियर संदीप, फायर विभाग से सत्येंद्र, संजय, जोगिंद्र, गौरव, कृष्ण, मनीषा, बबली, कमलेश, सुरेश, मुकेश, विनोद गुर्जर, मनोज, दुष्यंत, शीतल, सविता, अंजू, दया रानी, विद्या, कुसुम, रविंद्र, विक्रम, नवीन, विकास बोहत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### आग बुझाते हुए जान गंवाने वाले दो दमकल कर्मियों को दें शहीद का दर्जा



**बहादुरगढ़।** हड़ताली अग्निशमन कर्मचारियों के समर्थन व अपनी मांगों को लेकर तय कार्यक्रम के तहत नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू कर दी है। शुक्रवार को नगर परिषद के गेट पर धरना देकर सफाई कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मांग पूरी न होने पर हड़ताल को अनिश्चितकालीन में बदलने की चेतावनी भी दी। दरअसल, फरीदाबाद में एक अग्निकांड के दौरान दमकल विभाग के दो कर्मचारी भवीचंद व रणबीर सिंह की मौत हो गई थी। पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआजवा, परिवार को सरकारी नौकरी सहित अन्य मांगों को लेकर दमकल कर्मी आठ अप्रैल से हड़ताल पर हैं। उनके समर्थन में सफाई कर्मचारी भी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उसी कड़ी में नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर सफाई कर्मियों ने शुक्रवार को दो दिवसीय पूर्ण हड़ताल शुरू कर दी। धरने पर मौजूद पक्के व कच्चे कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। इकाई प्रधान राजेश ने कहा कि हड़ताली दमकल कर्मियों की मांग पूरी की जाए। इसके अलावा बीते दिनों झज्जर में आंदोलन के दौरान कर्मचारी राजेश की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। उसके परिवार को 50 लाख का मुआवजा व सरकारी नौकरी दी जाए। कर्मचारियों को पक्का करने सहित कुछ अन्य जरूरी मांगें भी हैं, जिन्हें सरकार पूरा नहीं कर रही। फिलहाल दो दिन की हड़ताल है। हड़ताल के कारण शहर में सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई। जिला प्रधान राजेंद्र, इकाई उपप्रधान अजय, सचिव अमित, मुकेश, होशियार सिंह, सुनील, जयभगवान सहित कई कर्मचारी इस अवसर पर मौजूद रहे।

## सर्कुलर रोड पर दुकानदार से ठगी

# रुपये के बदले डॉलर का झांसा दे 28 हजार चुराए



झज्जर। गल्ले में से रुपये निकालकर आरोपी युवक को दिखाते हुए दुकानदार।

- अटपटी भाषा में बात करके दुकानदार को उलझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के सर्कुलर रोड स्थित एक न्यूट्रीशन विक्रेता से दो युवकों द्वारा डॉलर को रुपये में बदलवाने की बात करते हुए करीब 28 हजार रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। दिनदहाड़े दुकान संचालक की उपस्थित में हुई इस चोरी का पता तब चला तब दुकानदार ने ग्राहकों के चले जाने के बाद अपना गल्ला संभाला। पीड़ित दुकानदार साजन कुमार ने बताया कि वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। उसने द वैरायटी न्यूट्रीशन के नाम से करीब छह माह पहले दुकान खोली थी। इसमें वे ताकत बढ़ाने के लिए युवाओं को ड्राई फ्रूट व पोषण किट प्रदान करते हैं।

साजन कुमार के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे उसकी दुकान पर एक युवक आया जो अपने हाथों में डॉलर लिए हुए था। पीड़ित दुकानदार के अनुसार उस युवक की भाषा अटपटी थी, वह न तो हिंदी बोल रहा था और न ही अंग्रेजी में बात कर रहा था। वह कुछ अलग भाषा में दुकान में रखे विभिन्न उत्पादों के रेट पूछ रहा था। दुकानदार ने बताया कि इसी प्रकार रेट पूछते-पूछते वह गल्ले के ऊपरी हिस्से में रखे उत्पादों के दाम पूछने लगा और जब उसने दाम बताया तो वह युवक अपने हाथ में लिए डॉलर दिखाते हुए उसके नंबर से मिलते हुए रुपयों की डिमांड करने लगा। डॉलर के बदले रुपये देने व युवक की परेशानी दूर करने की मंशा से दुकानदार गल्ले में अपने नोटों को निकाल-निकाल कर उसे दिखाने लगा। आरोपी युवक कुछ नोटों पर नजर दौड़ाने के बाद उन्हें वापिस दुकानदार को लौटाता रहा। अंत में युवक डॉलर को रुपयों में तबदील कराए बगैर दुकान से बाहर चला गया। इस दौरान एक अन्य युवक भी दुकान पर आया था जो उसी का साथी था। उनके जाने के बाद जब उसने गल्ला संभाला तो उसमें से करीब 28 हजार रुपये कम मिले। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई।

## गांव दूबलधन में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गांव दूबलधन में मानसिक रूप से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान करीब 26 वर्षीय प्रीत पुत्र महाबीर के तौर पर हुई है। वीरवार की रात उसने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। परिजनों को जब पता चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची पर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। पुलिस द्वारा इस संबंध में इत्तफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## 126 किलो डोडापोस्त सहित दो आरोपी गिरफ्तार

- राजस्थान से पंजाब ले जाई जा रही थी नशे की बड़ी खेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल को बड़ी सफलता मिली है। एएनसी टीम ने आसौदा केएमपी टोल पर दो आरोपियों को डोडापोस्त की खेप सहित काबू किया। उनके कब्जे से एक कार व 126 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ है। यह खेप राजस्थान से पंजाब ले जाई जा रही थी।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

आरोपियों के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। एएनसी में तैनात एएसआई सोहन की अगुवाई वाली टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। दरअसल, टीम को सूचना मिली कि आसौदा केएमपी टोल के पास एक कार खड़ी है। उसमें मादक पदार्थ हो सकता है। इस पर टीम तुरंत वहां गई और राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली। इस दौरान कार की पिछली सीट और डिग्गी से कुल 6 कट्टे बरामद हुए, जिनमें कुल 126 किलो डोडा पोस्त पाया गया। आरोपी तुरंत हिरासत में ले लिए गए। आरोपियों की पहचान गुरविंदर निवासी पटियाला पंजाब तथा गुरप्रीत निवासी एलनाबाद के रूप में हुई है। इनके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत आसौदा थाने में केस दर्ज हुआ है। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि ये राजस्थान के चितौड़गढ़ से यह खेप लाए और पंजाब जा रहे थे। ये कब से इस काम में लिप्त हैं, इसका खुलासा पूछताछ में हो सकेगा। पुलिस आरोपियों को अदालत से चार दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि में पुलिस गिरोह की पूरी चेन के बारे में जानकारी जुटाएगी।

## मीट की 40 दुकानों के साथ दो अवैध भवन किए सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- दुकानदार ने दुकान की सील तोड़ी तो पुलिस को सौंपा

नगर परिषद ने सोमवार को शहर में अवैध मीट की दुकानों और बिना अनुमति निर्मित दुकानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए व्यापक सीलिंग अभियान चलाया। पालिका अभियंता जोगेंद्र सिंधु और सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा की निगरानी में विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित दुकानों और भवनों को सील किया गया। अभियान के दौरान नाहरा-नाहरी फ्लाईओवर के नीचे करीब 6 मीट की अवैध दुकानों को सील किया गया। इसके अलावा झज्जर रोड पर 4 तथा कबीर बस्ती क्षेत्र में 30 मीट की अवैध दुकानों पर भी नगर परिषद की टीम ने कार्रवाई करते हुए सील लगा दी। कार्रवाई के दौरान एक दुकान मालिक ने नगर परिषद की टीम के मौके से जाते ही सील तोड़कर ताला खोलने का प्रयास किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित व्यक्ति को तुरंत पुलिस के हवाले कर दिया गया।

इसके अतिरिक्त नगर परिषद टीम ने नजफगढ़ रोड और ड्रेन रोड पर बने दो अवैध भवनों को भी सील किया। अधिकारियों के अनुसार ये निर्माण बिना स्वीकृति और नियमों के विरुद्ध किए गए थे। पालिका अभियंता जोगेंद्र सिंधु ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शहर की सुव्यवस्थित विकास योजना को बनाए रखने के लिए नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## सीनियर एशियन बीच कबड्डी चैंपियनशिप में मनीषा ने बेहतरीन डिफेंडर की भूमिका निभाई

# चीन से लौटी गोल्ड मेडलिस्ट मनीषा रुहल का रोहद में अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

चीन के सान्या शहर में हुई सीनियर एशियन बीच कबड्डी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय टीम की खिलाड़ी मनीषा रुहल का स्वदेश लौटने पर रोहद गांव में जोरदार स्वागत किया गया। रोहद व दहकोरा गांव के लोगों ने फूलों और नोटों की मालाएं पहनाकर खिलाड़ी का अभिनंदन किया।

दरअसल, गत 23 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चीन में गेम्स हुए थे। भारतीय महिला कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। टीम में शामिल भिवानी रोहिल्ला गांव की बेटी मनीषा रुहल ने बेहतरीन डिफेंडर के रूप में अहम भूमिका निभाई। स्वदेश लौटने के बाद अपने गांव जाते समय रोहद में उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उमड़ पड़े। अपने गौत्र की बेटी की इस उपलब्धि पर दोनों गांवों के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। किसी ने फूलों की माला पहनाई तो किसी ने नोटों की माला से सम्मानित कर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर रोहद से सुनील रुहल, सोमबीर रुहल, जितेंद्र रुहल, नवीन रुहल, दलबीर रुहल और दहकोरा से राजपाल चेयरमैन, सुरेश, देशी प्रधान, विजय प्रधान, रमेश मास्टर, बलराज साहब व सेठी सहित अन्य मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि मनीषा रुहल सहित भारतीय टीम की सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर पूरे क्षेत्र को गर्व है।



बहादुरगढ़। भारतीय खिलाड़ी मनीषा का अभिनंदन करते ग्रामीण।

### सिद्धार्थ ने चीन में जीता रजत पदक

**बहादुरगढ़।** चीन में आयोजित छठे एशियन बीच गेम्स-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गांव बराही के सिद्धार्थ छिल्लर ने सिल्वर मेडल हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने भी सिद्धार्थ की जीत पर खुशी जताई है। योगेश ने बताया कि यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा चीन के सान्या में आयोजित इस दो दिवसीय गेम्स में 27 देशों के कुल 117 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सिद्धार्थ छिल्लर ने सीनियर पुरुष वर्ग की कुश्ती स्पर्धा के 70 किलोग्राम भारवर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। रविंद्र छिल्लर बराही ने बताया कि सिद्धार्थ छिल्लर ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। सिद्धार्थ ने फिर साबित किया कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं भी वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रही हैं। रविंद्र छिल्लर ने सिद्धार्थ को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# राजा शिवाजी में निभाया है जीवा माहाला का किरदार

शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित फिल्म राजा शिवाजी रिलीज हुई। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक खास किरदार निभाया है? यह किरदार फिल्म में बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसके बिना फिल्म बनाना मुमकिन नहीं था। सलमान खान ने मराठी फिल्म राजा शिवाजी में एक अहम किरदार निभाया है। यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज हुई है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सलमान खान के किरदार से अब पर्दा उठ चुका है। सलमान खान ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में उनका लुक भी शानदार है। वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना में एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था। फिल्म राजा शिवाजी में रितेश देशमुख और सलमान खान के अलावा कई और बॉलीवुड एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आए हैं। इस फिल्म में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, अमोल गुप्ते, विद्या बालन, बोमन ईरानी जैसे कई एक्टर्स भी शामिल हैं। रितेश देशमुख ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाया है। यह फिल्म भारत के महानतम योद्धा और राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। कैसे उन्होंने मुगलों से लोहा लिया और 'स्वराज्य' की नींव रखी। फिल्म में कमाल के एक्शन सीन्स हैं, साथ ही वीएफएक्स का भी अच्छा इस्तेमाल किया गया है। शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित मराठी फिल्म राजा शिवाजी भी रिलीज हुई। राजा शिवाजी का हिंदी वर्जन भी सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और स्वराज्य हासिल करने की अमर गाथा को फिल्म 'राजा शिवाजी' में दिखाया है। फिल्म में रितेश देशमुख मराठा सम्राट शिवाजी की भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर रिलीज से पहले सोशल मीडिया पर अच्छा खासा क्रेज देखा गया। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'राजा शिवाजी' ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की है। पहले दिन ही यह फिल्म 5.34 करोड़ की कमाई करने में कामयाब रही है। इस कमाई में मराठी और हिंदी दोनों वर्जन की कमाई शामिल है। राजा शिवाजी के मराठी वर्जन ने 4.05 कमाए तो हिंदी वर्जन ने 1.29 करोड़ रुपए अपने खाते में जमा किए हैं। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक कैमियो किया है। उनके किरदार की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हो रही है। सलमान खान ने फिल्म राजा शिवाजी में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज के एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था।



## हॉलीवुड मसाला




### द डेविल वियर्स प्राडा 2 में आईं नजर

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह एक खास डबल स्टार सेरेमनी रही, जो लॉस एंजेलिस में आयोजित की गई। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। फिल्म में स्टेनली टुकी, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट अहम किरदारों में नजर आईं हैं। फिल्म रिलीज के बाद स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह स्टार उन कलाकारों को दिया जाता है जिन्होंने फिल्मों, टीवी, रेडियो, म्यूजिक या थिएटर में बेहतरीन काम किया हो। इस लिस्ट में पहले भी हैरिसन फोर्ड, मैरिलिन मुनरो, माइकल जैक्सन, टॉम हैंक्स और ड्वेन जॉनसन जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



### सिक्योरिटी ने ऑस्कर अवॉर्ड को समझा हथियार

**लॉस एंजिल्स।** रूस के फिल्ममेकर पाशा तलांकिन ने इस साल बेस्ट फीचर डॉक्यूमेंट्री का अवॉर्ड जीता था। उन्हें मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन के लिए ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था, लेकिन हाल ही में एक अजीब और चौंकाने वाली घटना हुई। उन्हें न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी ने अवॉर्ड के साथ फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया। बताया गया कि सिक्योरिटी अधिकारियों ने ऑस्कर ट्रॉफी को हथियार समझ लिया। यह ट्रॉफी करीब 3.8 किलो की होती है। तलांकिन ने कहा कि वह मार्च में अवॉर्ड जीतने के बाद कई बार फ्लाइट में इसे साथ ले जा चुके हैं, लेकिन पहले कभी कोई समस्या नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आया कि आखिर ऑस्कर को हथियार कैसे माना जा सकता है। एयरलाइन के एक कर्मचारी ने मदद की कोशिश भी की, लेकिन सिक्योरिटी ने कोई भी बात मानने से इनकार कर दिया। आखिरकार, मजबूरी में तलांकिन को अपनी ट्रॉफी कार्गो में भेजनी पड़ी। एयरलाइन स्टाफ ने इसे बॉक्स में पैक कर भेजा, लेकिन जब वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट पहुंचे, तो उनका ऑस्कर वहां नहीं मिला।



## प्रेगनेंसी के बीच शुरू की किंग की शूटिंग

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेगनेंसी की पुष्टि की है। प्रेगनेंसी के दौरान भी दीपिका अपनी आने वाली फिल्मों की शूटिंग जारी रखने वाली हैं। बहरहाल, इन दिनों दीपिका अभिनेता शाहरुख के साथ फिल्म 'किंग' की शूटिंग साउथ अफ्रीका में कर रही हैं, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। अभी दीपिका पादुकोण साउथ अफ्रीका के केप टाउन में शाहरुख खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शूटिंग के दौरान की कई तस्वीरें और वीडियो लीक होकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों में दीपिका और शाहरुख दोनों हाथ में हाथ डालकर एक गाने की शूटिंग करते दिख रहे हैं।



## बच्चों की परवरिश मिलकर करेंगे

**नई दिल्ली।** 'ये जवानी है दीवानी' फेम एक्ट्रेस एवलिन शर्मा के चाहने वालों के लिए एक दुखभरी खबर है। जर्मनी में पैदा हुई एक्ट्रेस ने शादी के 5 साल बाद पति से अलग होने लेने का फैसला किया है। 39 साल की एवलिन दो बच्चों की मां भी हैं। एक्ट्रेस ने साल 2021 में डेंटल सर्जन और एंटरप्रेन्योर तुषान भिंडी से शादी की थी। एक-दूसरे का सम्मान करते हुए दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। जबकि आगे वह साथ मिलकर अपने बच्चों की परवरिश करेंगे। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में लारा के रोल में सुर्खियां बटोरने वाली एवलिन ने पति से अलग होने की पुष्टि की है। हम अलग हो रहे हैं, लेकिन अपने बच्चों की मिलकर परवरिश करने पर पूरी तरह से ध्यान दे रहे हैं। यह अलगाव जितना हो सके, उतना सौहार्दपूर्ण है।

## टीवी मसाला





### पलक-राशि की सीरीज लुक्खे का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** पलक तिवारी और राशि खन्ना की नई सीरीज 'लुक्खे' का ट्रेलर रिलीज होते ही छा गया है। सीरीज में शिवांकित सिंह परिहार भी हैं, जो टीवीएफ की कई सीरीज का हिस्सा रह चुके हैं। श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी पिछली बार सलमान खान स्टारर 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आई थीं, और अब उनकी सीरीज 'लुक्खे' आ रही है। हाल ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया, जो दमदार है। सीरीज में रैपर-सॉन्गराइटर किंग के अलावा राशि खन्ना,लक्ष्वीर सरन, शिवांकित सिंह परिहार और नकुल रोशन सहदेव जैसे कलाकार भी हैं। ट्रेलर काफी ग्रिपिंग है और फैंस के बीच चर्चा बटोर रहा है। इस सीरीज के जरिए पलक तिवारी ओटीटी की दुनिया में कदम रख रही हैं। सीरीज 'लुक्खे' के ट्रेलर की शुरुआत एक आवाज से होती है- म्यूजिक से फेम मिलेगा, ड्रग्स से पैसा और पावर, फिर देखना ये सिस्टम भी हमें टच नहीं कर पाएगा। जिसका नाम है, वो ही बदनाम है, और जो बदनाम है, आज उसी का नाम होगा।...फिर एंट्री होती है रैपर किंग की...इसके बाद पंजाब के अंडरग्राउंड रैप की दुनिया, जुर्म और दो रैपर्स के बीच तगड़ी रायवलरी दिखाई जाती है, जो धीरे-धीरे एक हिंसक प्रतिशोध में बदल जाती है। 'लुक्खे' की कहानी लक्ष्वीर सिंह सरन नाम के एक युवा खिलाड़ी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के मकसद से पंजाब के खतरनाक अंडरग्राउंड रैप की दुनिया में एंट्री करता है।

### फलक ने वीडियो डिलीट कर दी सफाई

**नई दिल्ली।** हाल ही 'आशिकी' स्टार राहुल रॉय ने एक कंटेंट क्रिएटर के साथ कुछ रील्स बनाई थीं, जिनके कारण उनका खूब मजाक उड़ाया गया। लोग इसे उनका 'डाउनफॉल' बताने लगे थे। टीवी एक्ट्रेस फलक नाज ने भी राहुल रॉय का मजाक



उड़ाया था और एक्टर की रील अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी। हालांकि, बाद में फलक ने वह रील डिलीट कर दी और अब राहुल रॉय का मजाक उड़ाने पर सफाई दी है। साथ ही एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री के लोगों से राहुल रॉय का काम देने की अपील की। फलक नाज ने इस बात पर शर्मिंदगी जाहिर की कि उन्होंने राहुल रॉय की स्थिति और मजबूरी जाने बिना उनका मजाक उड़ाया। फलक ने कहा कि ऐसा कल को किसी के भी साथ हो सकता है, इसलिए उन्हें स्थिति समझ आई तो तुरंत वीडियो डिलीट कर दिया। फलक ने अब इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर सफाई दी है। फलक नाज ने वीडियो में कहा, 'कल मैंने एक वीडियो बनाई थी, एक रील मैंने डाली थी, जिसमें राहुल रॉय सर थे। मुझे पहले वीडियो देखकर लगा कि उन्होंने अपनी मर्जी से ऐसा किया है। लेकिन, शाम होते-होते मुझे पता चला कि वो जिंदगी में बहुत सी चीजों से जूझ रहे हैं। उनके फाइनेंशियल क्राइसिस चल रहे हैं। उन्हें हेल्थ इशूज चल रहे हैं।

## करीना ने शेयर की वेकेशन की तस्वीरें तैमूर और जेह की दिखी प्यारी झलक



**मुंबई।** करीना कपूर खान ने अपने वेकेशन के दौरान की शानदार तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में तैमूर और जेह की प्यारी झलक देखकर फैंस बेहद खुश हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच करीना ने अपने दोनों बेटों तैमूर अली खान और जेह अली खान के साथ परिवार की खुशी के पल साझा किए हैं। करीना ने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा 'पुराने जमाने की सुबह। दूसरी स्टोरी में उन्होंने लिखा 'गुड मॉर्निंग'। पहली तस्वीर में एक सुंदर गलियारा दिख रहा है, जिसमें सफेद खंभे, पुरानी स्टाइल की कुर्सियां नजर आ रही हैं। यह देखने में बहुत शानदार और राजसी लग रहा है। दूसरी तस्वीर में तैमूर और जेह खुले आंगन में एक साथ खड़े होकर सुबह का मजा ले रहे हैं। करीना कपूर और सैफ अली खान ने 16 अक्तूबर 2012 को मुंबई में एक निजी समारोह में शादी की थी। 5 साल तक डेटिंग और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद, इस कपल ने शादी का फैसला किया। करीना और सैफ के दो बेटे हैं- तैमूर और जहांगीर। बड़े बेटे तैमूर अली खान का जन्म दिसंबर 2016 में हुआ था। छोटा बेटे जहांगीर अली खान (जेह) का जन्म फरवरी 2021 में हुआ था। करीना कपूर खान अब फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ और पृथ्वीराज सुकुमारन की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

## 3 फिल्मों के बीच होगा महा क्लैश

**नई दिल्ली।** साल 2026 का पहले क्वार्टर का सफर समाप्त हो गया है और अप्रैल से दूसरे क्वार्टर का दौर शुरू हो गया है, जो अप्रैल से लेकर जून तक चलेगा। जल्द ही अप्रैल समाप्त होगा और मई-जून आएगा। साल के सेकेंड क्वार्टर का फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। क्योंकि, जून 2026 में कई शानदार फिल्में रिलीज की जानी है। इस मामले में तीन मूवीज ऐसी हैं, जिनके बीच बॉक्स ऑफिस पर भिड़ंत देखने को मिलेगी।

### पेड्डी

इस लिस्ट में पहला नाम साउथ सुपरस्टार राम चरण चरण की मोस्ट अवेटेड मूवी पेड्डी का शामिल हो रहा है। एक्शन और स्पोर्ट्स ड्रामा थ्रिलर के तौर पर हर कोई पेड्डी की रिलीज का इंतजार कर रहा है। पहले ये फिल्म 30 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में इसकी रिलीज डेट में बदलाव किया गया है और अब राम चरण की ये मूवी 25 जून को सिनेमाघरों में एंट्री मारेगी।

### जून में दिखेगा बॉलीवुड और साउथ का संग्राम




### वेलकम टू द जंगल

करीब 3 साल से अक्षय कुमार स्टारर कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल रिलीज की राह देख रही है। मल्टी स्टारर इस मूवी का डायरेक्शन अहमद खान ने किया है। गौर करें वेलकम टू द जंगल की रिलीज डेट की तरफ तो इसे 26 जून को दुनियाभर के थिएटर्स में प्रदर्शित किया जाएगा। अक्षय के अलावा इस मूवी में सुनील शेट्टी, परेश रावल, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी और श्रेयस तलपडे जैसे कई कलाकार नजर आने वाले हैं।

### लेनिन

किस्मत जैसी शानदार साउथ मूवी से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता अखिल अक्कीनेनी को भला कौन भूल सकता है। अखिल की अगली फिल्म का नाम लेनिन है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा कुछ समय पहले ही की गई है। 26 जून को एक्शन थ्रिलर लेनिन बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। इस तरह से पेड्डी, वेलकम टू द जंगल और लेनिन जून के अंतिम दिनों बॉक्स ऑफिस पर आपस में टकराती हुई नजर आएंगी। ऐसे में ये देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि इनमें से कौन सी मूवी कमाई के मामले में अव्वल निकलेगी।

## इस वीकएंड जमेगा खूब रंग, घर बैठे होगा भरपूर मनोरंजन

# ओटीटी पर देखने को मिलेंगी ये मजेदार सीरीज और फिल्में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुक्रवार 01 मई को हिंदी और साउथ की कई चर्चित फिल्मों ने दस्तक दी है। सिनेमाघर जाने का भरपूर मौका है। मगर, वीकएंड पर घर बैठे कुछ देखने का मन है, तो यहां भी पिटारे में बहुत कुछ है। सिनेमाघरों में धुरंधर 2 और भूत बंगला के बाद शुक्रवार को कई और फिल्में लग गई हैं। जुनैद खान और साई पल्लवी की 'एक दिन' है, तो कारा, केडी, राजा शिवाजी और पैट्रियट जैसी फिल्मों के भी विकल्प हैं। इसी के साथ घर बैठे भी इस बार आपका भरपूर मनोरंजन होगा। कई चर्चित फिल्मों और सीरीज ने ओटीटी पर दस्तक दी है।

### द केरल स्टोरी 2

सिनेमाघरों के बाद फिल्म द केरल स्टोरी 2 भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। शुक्रवार 01 मई से यह ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इसमें उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा जैसे सितारे हैं। बता दें कि फिल्म का पहला पार्ट काफी हिट रहा था, जिसमें अदा शर्मा ने लीड भूमिका निभाई थी।

### बैचमेट्स

यह एक तेलुगु वेब सीरीज है, जो इंजीनियरिंग के चार छात्रों पर आधारित है। इसमें कॉलेज लाइफ, रैगिंग के अलावा छात्र जीवन के कई अन्य पहलुओं को दिखाया जाएगा। इसे 30 अप्रैल को यह जियोहॉटस्टार पर रिलीज हुई।




### अनदेखी सीजन 4, आड़ु 3

*सीरीज अनदेखी सीजन 4 शुक्रवार 01 मई को सोनी लिव पर रिलीज हुई है। इसमें हर्ष छाया और सूर्य शर्मा लीड रोल में हैं। यह क्राइम थ्रिलर सीरीज है। इसके अलावा आड़ु 3 भी है, जो कि एक मलयालम भाषा की फिल्म है। इसमें जयसूर्या, विजय बाबू और सनी वेन हैं। यह कॉमेडी फैंटेसी फिल्म है।*

### माय डियरेस्ट सेनोरीटा

*यह एक स्पेनिश फिल्म है। यह 17 अप्रैल को स्पेन में रिलीज हुई। अब इसे दर्शक ओटीटी पर भी देख सकते हैं। इसका निर्देशन फर्नांडो जी. मोलिना ने किया है। यह फिल्म 1972 में इसी नाम से बनी फिल्म पर आधारित है। फिल्म कहानी एक पारंपरिक रुढ़िवादी परिवार में जन्मी इकलौती संतान एडेला पर आधारित है। शुक्रवार 01 मई को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है।*

### ग्लोरी

अगर आपको स्पोर्ट्स पर आधारित कंटेंट पसंद है तो इस वेब सीरीज को वीकएंड पर देख सकते हैं। इसमें पुलकित सम्राट, दिव्येंदु, सुविंदर विक्की, जन्नत जुबैर, सयानी गुप्ता और आशुतोष राणा अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज आज 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह क्राइम ड्रामा सीरीज बॉक्सिंग की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसका निर्देशन करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा ने किया है।

### स्वैप्ड

यह एक अमेरिकी एनिमेटिड कॉमेडी फिल्म है। वीकएंड पर अगर बच्चों के साथ कुछ बढ़िया देखने का मन है तो इस फिल्म को अपनी लिस्ट में जोड़ सकते हैं। इसका निर्देशन नाथन ग्रेनो ने किया है। स्काईडांस एनिमेशन द्वारा निर्मित इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन, जूनो टेम्पल, ट्रेसी मॉर्गन, सेड्रिक द एंटरटेनर और जस्टिना मचाडो ने अपनी आवाजें दी हैं। यह शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

### राकासा

हॉरर के शौकीन इस फिल्म को देख सकते हैं। संगीत शोभन और नयन सारिका अभिनीत तेलुगु फिल्म राकासा 03 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और खूब तारीफ बटोरीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसका निर्देशन मानसा शर्मा ने किया। अब यह 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। फिल्म तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में उपलब्ध है।

*जिले में गेहूं की 2 लाख 35 हजार 159 मीट्रिक टन की आवक दर्ज*

# मंडियों में उठान कार्य में आई तेजी 74.7 प्रतिशत गेहूं की लिफ्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। अनाज मंडी परिसर में उठान कार्य में जुटे श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

जिले की मंडियों में उठान कार्य अब गति पकड़ने लगा है। जिसके कारण किसानों और आढ़तियों को आंशिक राहत मिलने लगी है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि जिले की मंडियों में रबी सीजन की फसलों की खरीद के साथ ही उपज की नियमानुसार लिफ्टिंग पर जिला प्रशासन का पूरा फोकस है। जिलाभर की सभी मंडियों व खरीद केंद्रों पर उपज का उठान कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि अब तक जिले में गेहूं की 2 लाख 35 हजार 159 मीट्रिक टन की आवक दर्ज जबकि 2 लाख 1 हजार 307 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। जबकि अब तक 74.7 प्रतिशत उपज का उठान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि खरीद एजेंसियों द्वारा स्टोरेज व्यवस्था को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जाए, जिससे खरीदी गई उपज का सुरक्षित भंडारण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न किए जाएं। जिला प्रशासन खरीद प्रक्रिया को सुचारू रखने के लिए लगातार निगरानी कर रहा है।

### बहादुरगढ़ मंडी में कटे केवल दो गेटपास

*बहादुरगढ़। शुक्रवार को बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में दो गेट पास कटने के बाद मात्र 84 क्विंटल गेहूं आया, जबकि 12 गेट पास जारी होने के बाद आसौदा मंडी में 613 क्विंटल की आवक हुई। बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में 93.95 फीसद तो आसौदा की मंडी में 73.23 फीसद उठान हो चुका है। अब तक दोनों मंडियों में कुल 1 लाख 64 हजार 3781 क्विंटल फसल आ चुकी है, जिसमें से 1 लाख 43 हजार 631 क्विंटल सरकारी खरीद हो चुकी है।*

# खेतों में गेहूं के फाने जलाने वालों की होगी रेड एंट्री : उपायुक्त



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

■ फसल बिक्री और सरकारी योजनाओं से रहेंगे वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले में रबी फसल कटाई के उपरांत खेतों में अवशेष जलाने की घटनाओं पर रोक को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। ऐसे में कृषि अधिकारी किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक करें। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि हरसेक के माध्यम से सेटेलाइट निगरानी द्वारा जिले के प्रत्येक गांव में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर रीयल टाइम नजर रखी जाए। किसी भी खेत में अवशेष जलाने की स्थिति में उस स्थान की जीपीएस लोकेशन तुरंत प्रभाव से ट्रेस कर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा गांव स्तर पर मॉनिटरिंग टीमें सक्रिय रहें जो खेतों में आग लगने की घटना पर पैनी नजर रखें। उन्होंने वीएलसी की टीम व अन्य मॉनिटरिंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि ज्यादा से ज्यादा फील्ड में निरीक्षण करते रहें तथा अपनी लाइव लोकेशन ग्रुप में शेयर करें। उन्होंने कहा कि खेतों में गेहूं के फाने जलाने वालों की रेड एंट्री होगी और ऐसे किसान फसल बिक्री और सरकारी योजनाओं से वंचित रहेंगे।

# एसयूसीआई ने मजदूर दिवस पर सुभाष नगर में किया प्रदर्शन



बहादुरगढ़। सुभाष नगर में प्रदर्शन करते एसयूसीआई से जुड़े मजदूर-कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

■ शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन रखकर किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लाइनपार के सुभाष नगर में मई दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से जुड़े मजदूर-कर्मचारियों ने अपनी मांगों, समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार से अपनी मांगों को तुरंत प्रभाव से लागू करने की पुरजोर मांग की। मई दिवस के शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन रख कर उन्हें सम्मानपूर्वक याद करने के बाद अजित सिंह, हवा सिंह, रामपत, रतन सिंह, अनूप सिंह, शेर सिंह, कुकी, विश्वनाथ और अमर सिंह ने कहा कि 4 लेबर कोड समाप्त किए जाएं, काम के घंटे न बढ़ाए जाएं। न्यूनतम वेतन प्रति माह 33 हजार रुपये लागू किया जाए। ठेकेदारी प्रथा खत्म हो और निजीकरण पर रोक लगे। सभी शहरी, देहाती बेरोजगार श्रमिकों को काम दिया जाए। सभी श्रमिकों के बच्चों के लिए सस्ते स्कूलों की व्यवस्था सहित वैज्ञानिक, जनवादी और धर्मनिरपेक्ष शिक्षा दी जाए। सभी श्रमिकों और कामगारों के लिए सस्ते इलाज की व्यवस्था की जाए। महिला कामगारों को रात को ड्यूटी पर ना बुलाया जाए। सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए, एनपीएस और यू पी एस स्कीम वापस ली जाए।

श्रमिक आंदोलन में पुलिस दखल बंद किया जाए, गरीबों पर हर तरह के अत्याचार बंद हो।



बहादुरगढ़। गोष्ठी के उपरांत नारेबाजी करते मंच से जुड़े श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

# मजदूर कल्याण मंच ने शिकागो के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को मजदूर कल्याण मंच द्वारा अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर गांव सांखोल में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान 8 घंटे काम के अधिकार के लिए संघर्ष करते हुए अपना बलिदान देने वाले शिकागो के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन के जिला सचिव सतीश कुमार ने बताया कि केंद्र की बीजेपी सरकार ने मजदूरों के अधिकारों के लिए बने 29 श्रम कानून छीन लिए हैं और 4 लेबर कोड लागू कर दिए हैं। जिनके माध्यम से 8 घंटे काम करने के अधिकार, यूनियन बनाने और आंदोलन व हड़ताल करने के अधिकार, न्यूनतम वेतन, स्थायी रोजगार और सामाजिक सुरक्षा को समाप्त कर दिया है। मालिकों को हायर एंड फायर का अधिकार मिल गया है। कई मजदूरों ने बताया कि आज भी न्यूनतम वेतन नहीं मिलता। उनसे 12-12 घंटे काम करवाया जाता है। हर कंपनी में ठेका प्रथा लागू है। श्रमिकों ने पूंजीपति हितैषी नीतियों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज करने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप


झज्जर। बैठक में राजस्व कार्यों की समीक्षा करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### डीसी ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

**झज्जर।** लघु सचिवालय सभागार में शुक्रवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में राजस्व विभाग से जुड़ी सेवाओं को लेकर अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि नामांतरण, जमाबंदी, सामाजिक सुरक्षा लाभार्थी जांच सहित सभी राजस्व सेवाओं का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को सुविधाजनक व पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना शासन-प्रशासन की प्राथमिकता है, इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में फील्ड स्तर पर लंबित मामलों, भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण, ई-रजिस्ट्रेशन व्यवस्था, शिकायत निवारण तंत्र तथा अन्य महत्वपूर्ण राजस्व कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व सम्बन्धी कार्यों में गति लाई जाए एवं सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए।



### समाधान शिविरों में प्राप्त कुल 5950 शिकायतों में से केवल 213 पेंडिंग

**झज्जर :** समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए अधिकारियों को इसकी गंभीरता को समझते हुए हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना होगा। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित साप्ताहिक समाधान शिविर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त हर शिकायत का गंभीरता से समाधान किया जाए और किसी भी स्तर पर उसे लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि समाधान की अद्यतन रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। बैठक में सीटीएम रितु बंसीवाल ने बताया कि अब तक समाधान शिविरों में प्राप्त कुल 5950 शिकायतों में से केवल 213 पेंडिंग है।

### मोबाइल एप से पांडुलिपियों का सर्वेक्षण करने की विधि समझाई

**झज्जर।** शुक्रवार को ज्ञान भारतम मिशन के तहत पांडुलिपियों के सर्वेक्षण कार्य को लेकर चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया।



प्रशिक्षण के अंतिम दिन संवाद भवन में नगर परिषद झज्जर व बहादुरगढ़ तथा नगरपालिका बेरी क्षेत्र के लिए कर्मचारियों को सघन प्रशिक्षण दिया गया और लगन के साथ सर्वे के लिए प्रेरित किया गया। जिप सीईओ मनीष फौगाट ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को लाइब्रेरी, धार्मिक स्थल, ट्रस्ट, निजी स्वामित्व तथा गुरुकुलों में उपलब्ध पांडुलिपियों का सर्वेक्षण मोबाइल एप के माध्यम से करने की विधि समझाई गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करते हुए सटीक सर्वे के लिए प्रोत्साहित करें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सर्वेक्षण कार्य की गुणवत्ता एवं गति को बढ़ाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि जिले में पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### नागरिक अस्पताल कोसली को मिले पांच विशेषज्ञ डॉक्टर, स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सुदृढ़

**कोसली।** कोसली नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पांच नए विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। डॉक्टरों की नियुक्ति से क्षेत्र के मरीजों को अब विभिन्न रोगों का उपचार एक ही स्थान पर बेहतर तरीके से मिल सकेगा। नवनियुक्त डा. चरण सिंह एमडी पीडियाट्रिक बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। डा. साक्षी शर्मा ओबीएस एवं गायनी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ महिलाओं से संबंधित बीमारियों का उपचार करेंगी। डा. हिमाद्रि चंद्र एमडी एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी निभाएंगे। इसके अलावा डा. दिनेश कुमार श्वास एवं फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों का इलाज करेंगे, जबकि ओमबीर सिंहमार हड्डी एवं जोड़ों के रोगियों को सेवाएं देंगे। एसएमओ डा. विक्रम ने बताया कि विशेषज्ञों की नियुक्ति से मरीजों को अब दूर-दराज के बड़े अस्पतालों में जाने की आवश्यकता कम होगी।

# श्रमिकों को नि:शुल्क कानूनी सहायता की दी जानकारी



झज्जर। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिक एवं पैरा लीगल वॉलंटियर। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस पर जिले के विभिन्न स्थानों पर कानूनी जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिला प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि बहादुरगढ़, झज्जर व बादली में कानूनी जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बेरी अनाज मंडी में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में पैरा लीगल वालंटियर सरोज ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस 1 मई को मनाया जाता है जो विश्व भर के श्रमिकों की कड़ी मेहनत समर्पण, आर्थिक समृद्धि और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सम्मानित करता है। इस दौरान ई-श्रम कार्ड, मजदूर पंजीकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता बारे विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा नालसा टोल फ्री नंबर 15100 बारे भी जानकारी दी गई। कार्यक्रमों के दौरान झज्जर में पैरा लीगल वालंटियर शिवधन, बहादुरगढ़ में नीता देवी, बादली में नेहा रानी ने श्रमिकों को जागरुक किया।

# श्रमिकों में बांटे समोसे, बिस्कुट और चाय


बहादुरगढ़। श्रमिकों में चाय बिस्कुट वितरित करते भाविप पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ प्रशासन द्वारा श्रमिक हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी

भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा शुक्रवार को रेलवे रोड स्थित अग्रसेन धर्मशाला के सामने लेबर चौक पर श्रमिक दिवस मनाया गया। भाविप के प्रांतीय संरक्षक पवन जैन और प्रांतीय संगठन सचिव मूलचंद जोशी ने श्रमिक दिवस पर प्रशासन द्वारा श्रमिक हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। भाविप कीविवेकानंद शाखा द्वारा लेबर चौक पर श्रमिकों को चाय, समोसा बिस्किट, केले और अन्य सामान वितरित कर शुभकामनाएं दी। जिला समन्वयक सतीश शर्मा और सह समन्वयक मुकेश बंसल ने कहा कि यह दिन श्रमिकों के संघर्ष को याद करने और उनके अमूल्य योगदान के प्रति जागरूकता फैलाने का अवसर है। विवेकानंद शाखा अध्यक्ष मुरारी लाल गोयल और सचिव नीरज गर्ग ने कहा कि यह दिन सामाजिक न्याय और समानता का संदेश भी देता है। इस अवसर पर पार्षद प्रवीण कुमार, पूर्व अध्यक्ष सुनील बंसल, सेवा संयोजक अशोक गोयल, वित सचिव संजय, प्रवीण, चंचल, महेंद्र, ऐश्वर्या, समीर गुप्ता, संजय, राजबीर आदि उपस्थित रहे।

*14 से 15 वर्ष तक की किशोरियों का एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी*

# 341 बालिकाओं का किया टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम में किशोरी छात्राओं के बीच स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को गति मिल रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ व्यापक जागरूकता और टीकाकरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने बताया कि अभियान के अंतर्गत अब तक जिले में 341 लाभार्थियों का टीकाकरण किया जा चुका है। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर बसंत दुबे ने बताया कि जिले के ढाकला और जमालपुर ब्लॉक के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हिंदुस्तान लेटेक्स फैमिली प्लानिंग प्रमोशन ट्रस्ट और अरावली पावर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एचपीवी टीकाकरण महिलाओं और पुरुषों को कई गंभीर बीमारियों से बचाने में कारगर है, जिनमें सर्वाइकल कैंसर, गले और मुंह का कैंसर, योनि एवं वल्वर कैंसर, गुदा कैंसर और लिंग कैंसर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह टीका राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क उपलब्ध है। पीएचसी ढाकला और जमालपुर में 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को निःशुल्क टीका लगाया जा रहा है, जबकि अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में 14 से 15 वर्ष तक की किशोरियों का टीकाकरण किया जा रहा है।

### भेड़ चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** बादली थाना पुलिस ने भेड़ चोरी के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों की पहचान राजू लाल और राहुल के रूप में हुई है। दोनों राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के रहने वाले हैं। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। दरअसल, राजस्थान के निवासी प्रेमाराम ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वे पाहसोर मोड़ पर सो रहे थे। इसी दौरान उनकी 15 भेड़ चोरी हो गई।

### अवैध शराब के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस ने आगामी शहरी निकाय चुनाव को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध रूप से शराब बेचने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीमों ने अनेक स्थानों पर छापेमारी कर आरोपियों के कब्जे से 70 बोतल बीयर और 52.25 बोतल देशी शराब बरामद की है। रामपुरा थाना पुलिस टीम ने राजस्थान के जिला झुंझुनू गांव दुधवा निवासी आरोपी तेजपाल को 70 बोतल बियर सहित काबू किया है। वही दूसरे मामले में डहीना चौकी पुलिस टीम ने गांव गोठड़ा टप्पा डहीना निवासी आरोपी पितराम को 13 बोतल देशी शराब सहित पकड़ा है। मॉडल टाउन थाना पुलिस टीम ने गांव कालाका निवासी आरोपी अंकित को 13 बोतल देशी शराब तथा सीआईए रेवाड़ी टीम ने मोहल्ला वैधवाडा निवासी आरोपी ताराचंद को 13.75 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है।

**सूचना**

हम, श्री हरी प्रसाद पुत्र स्व. श्री धारे सिंह व अनीता पत्नी हरिप्रसाद निवासी गांव कानौंदा, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करते हैं कि हमारे दो पुत्र धीरज छिकारा व ध्रुव छिकारा और पुत्रवधु इशिका पत्नी ध्रुव छिकारा हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### बकाया बिलों के सरचार्ज में छूट का किया स्वागत

**बहादुरगढ़।** जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 31 दिसंबर 2025 तक की अवधि के बकाया बिलों पर 100 प्रतिशत सरचार्ज की एकमुश्त छूट का यशपाल हिंदुस्तानी ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए उपभोक्ता को 31 मई 2026 तक अपने सभी बकाया बिलों का भुगतान करना होगा। यह योजना केवल मीटर युक्त कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं पर ही लागू होगी।

### सीजेएम ने की हिट एंड रन मामलों की समीक्षा

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम



विशाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को हिट एंड रन मामलों के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 9 मई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी इस नेशनल लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट आदि का निपटारा किया जाएगा।

### भगवान बुद्ध की शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत

# मैत्री एवं शांति शोभायात्रा में रही बुद्धम शरणम गच्छामि की गूंज

**भगवान बुद्ध की जयंती के उपलक्ष्य में तस्स मेतायान ट्रस्ट ने करवाया आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भगवान बुद्ध की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शहर में मैत्री एवं शांति शोभायात्रा निकाली गई। तस्स मेतायान ट्रस्ट द्वारा आयोजित यात्रा में भगवान बुद्ध एवं बुद्धो माता की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। तस्स मेतायान ट्रस्ट परिसर में मंगल भावना के उपरांत ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप राजवर द्वारा शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और मानव कल्याण का संदेश देने वाला प्रेरणादायक उत्सव है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध के चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित कर विश्व शांति, सुख-समृद्धि और मानव कल्याण की कामना की। महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय के समीप स्थित अकादमी परिसर से बैंडबाजे के साथ शुरू हुई यह शांति यात्रा शहर के कानूनगो मौहल्ला, बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक, डाकघर, डायमंड चौक और चौपटा बाजार से होती हुई पुनः बुद्ध सासन मेत्तायान अकादमी में पहुंच कर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण भी किया।



झज्जर। यात्रा के दौरान हाथों में ध्वज लिए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। यात्रा के दौरान भगवान बुद्ध की आकर्षक झांकी। फोटो : हरिभूमि

## छात्रों ने एकत्र किया राशन, जरूरतमंदों में बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी स्कूल साल्हावास में सामाजिक सरोकार की एक प्रेरणादायक पहल शुरू की गई है। बुद्ध पूर्णिमा एवं मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों द्वारा थोड़ा-थोड़ा करके कुछ अनाज, गेहूं, चना, दाल, चावल और अन्य खाद्य सामग्री एकत्रित की गई जिसे जरूरतमंद लोगों में वितरित किया गया। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि विद्यालय की तरफ से भी हजारों रुपये की सहायता राशि जरूरतमंद कर्मचारियों में प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में सहयोग और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। बुद्ध पूर्णिमा जैसे पवित्र दिन पर किया गया दान विशेष महत्व रखता है तथा इससे जरूरतमंद लोगों को भी राहत मिलती है।



झज्जर। विद्यार्थियों द्वारा एकत्रित खाद्य सामग्री को लेकर जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंचे डायरेक्टर रमेश गुलिया।



बहादुरगढ़। पारले में कर्मचारियों को जागरूक करते एसएचओ सतीश कुमार।

### पारले में यातायात नियमों की दी जानकारी

बहादुरगढ़। शहर की पारले बिस्किट्स प्राइवेट लिमिटेड में यातायात पुलिस द्वारा अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस पर जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कंपनी के जनरल मैनेजर सुरेंद्र मलिक की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में यातायात थाना प्रभारी सतीश कुमार ने कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के लिए जरूरी एहतिहात बरतने के लिए प्रेरित किया। यातायात प्रबंधक सतीश कुमार ने कर्मचारियों को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। सत्येंद्र दहिया ने सड़क पर चलते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में समझाया। जीएम सुरेंद्र मलिक ने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें।



बहादुरगढ़। ऑटो चालकों के साथ पूर्व पार्षद जसबीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

### ऑटो चालकों के लिए होगा बोर्ड का गठन : सैनी

**बहादुरगढ़।** गुरुग्राम में आयोजित हुए प्रदेश स्तरीय श्रमिक दिवस पर सीएम नायब सैनी द्वारा ऑटो चालकों के लिए हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड का गठन करने की घोषणा का पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने स्वागत किया है। इस निर्णय से प्रदेश के ऑटो चालकों को बहुत लाभ होगा। ऑटो चालकों के परिवार को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक मदद जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ सरकार से सुरक्षा की गारंटी भी मिलेगी। सैनी ने ऑटो चालकों को योजना के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सुभाष शर्मा, जयभगवान, नितिन, राजू, अनिल, हरीश व पुनीत आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। रोहतक रवाना होती मॉडर्न स्कूल की स्वयंसेविकाएं।

## एनसीसी कैंप के लिए मॉडर्न स्कूल की छात्राओं का चयन

■ कैंप छात्राओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना को विकसित करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं का राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैंप के लिए चयन किया गया है। यह कैंप युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से रोहतक में आयोजित किया जा रहा है।

चयनित छात्राएं दस दिवसीय कैंप के लिए शुक्रवार को को मॉडर्न स्कूल से रोहतक के लिए रवाना हुईं। कैंप के दौरान उन्हें परेड, ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, खेलकूद एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्कूल निदेशक डॉ. राकेश सिंह कोच ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि एनसीसी कैंप के माध्यम से छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, अनुशासन सीखने तथा टीमवर्क की भावना विकसित करने का अवसर मिलेगा। यह अनुभव उनके भविष्य के करियर में भी सहायक सिद्ध होगा। प्रधानाचार्या मोना सिक्का ने छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यही बेटियां समाज के निर्माण की सशक्त आधारशिला हैं। सीटीओ कविता के नेतृत्व में छात्राओं का मार्गदर्शन किया जाएगा।

## रोहद बाईपास पर ज्वलनशील केमिकल से भरा टैंकर पलटा

■ पंजाब से बहादुरगढ़ जा रहा था टैंकर, अचानक पलटने से रोड पर बनी जाम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। रोहद बाइपास पर पलटा केमिकल से भरा टैंकर।

■ अति ज्वलनशील केमिकल होने के कारण कुछ देर तक सुरक्षा की दृष्टि से उस हिस्से में रास्ता बंद किया गया

■ गनीमत यह रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ पुलिस व दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को बामुश्किल संभाला

रोहद बाईपास पर इथाइल केमिकल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में कोई हताहत तो नहीं हुआ लेकिन काफी देर तक मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया।

घटना शुक्रवार अल सुबह की है। जानकारी के अनुसार, पंजाब के गुरदास पुर का निवासी निर्मल सिंह टैंकर लेकर पंजाब से बहादुरगढ़ के लिए चला था। करीब साढ़े तीन बजे यहां रोहद बाईपास पर पहुंचा तो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि चालक सकुशल रहा। सूचना मिलते ही पुलिस व दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। अति ज्वलनशील केमिकल होने के कारण कुछ देर तक सुरक्षा की दृष्टि से उस हिस्से में रास्ता बंद किया गया। वाहनों को सर्विस लाइन से निकाला गया। बाद में हाइड्रा आदि के जरिये टैंकर को खड़ा कर दिया गया।

### आर्य समाज का मासिक वैदिक यज्ञ, भजन एवं सत्संग कार्यक्रम कल

**झज्जर।** आर्य समाज झज्जर का मासिक वैदिक यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम रविवार को होगा। समाज के महामंत्री लाला प्रकाशवीर ने बताया कि वैदिक आर्य कन्या स्कूल की यज्ञशाला में होने वाले वैदिक यज्ञ में आर्य समाज के पुरोहित ब्रह्मचारी इंद्रजीत यज्ञब्रह्मा होंगे। वहीं इसी कार्यक्रम के दूसरे चरण में भजन व सत्संग कार्यक्रम होगा। विख्यात आर्य भजनोपदेशक कुलदीप भास्कर इस मौके पर अपने मधुर आर्य भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थितजनों को ज्ञान गंगा में सराबोर करेंगे। उन्होंने बताया कि आर्य समाज झज्जर के तत्वावधान में हर माह के प्रथम रविवार को वैदिक यज्ञ, भजन एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। वहीं माह के शेष रविवारों को केवल वैदिक हवन किया जाता है।

## एसजीटी से जीतकर लौटी बादली कॉलेज की फुटबॉल टीम का शिक्षकों ने किया स्वागत

■ खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट के दौरान अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय की फुटबॉल टीम ने एसजीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित औरा-2026 फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एसजीटी की टीम को 1–0 से पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय पहुंचने पर विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य मेजर आनंद कादयान समेत सभी स्टाफ सदस्यों ने पूरी टीम, कोच व सहयोगी स्टाफ को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उनके अनुसार टीम के खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देकर यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर डॉ. रवि शर्मा, डॉ. मनजीत कुमार, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. संजय कुमार, मनजीत, विकास शर्मा तथा डॉ. रविंद्र आदि उपस्थित रहे।




बहादुरगढ़। फुटबॉल टीम का स्वागत करते प्रिंसिपल व अन्य स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## मामा-भांजे पर पिस्तौल के बट व बीयर की बोतल से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव लोवा खुद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कुछ युवकों ने एक ट्रांसपोर्टर व उसके भांजे पर हमला कर दिया। मामा के चेहरे पर बीयर की बोतल से वार किया गया तो, भांजे पर पिस्टल के बट से प्रहार किया गया। गांव के ही दो युवकों व उनके साथियों पर मारपीट करने व धमकी देने का आरोप है।

पुलिस को दी शिकायत में लोवा खुर्द के निवासी संजीत का कहना है कि गत 25 अप्रैल को गांव में बान कार्यक्रम था। रात को वहां खाना चल रहा था। मैं और भांजा लक्ष्य भी वहां पर गए हुए थे। इसी दौरान गांव का निवासी संदीप नशे की हालत में आया और मेरे साथ गाली गलोच करने लगा। मैंने विरोध किया तो संदीप नाम का एक और शख्स आया और गाली गलोज करने लगा। तब भांजे लक्ष्य ने बीच-बचाव करा दिया। कुछ ही देर में संदीप ने फोन पर कुछ लड़के बुलाए, जिनमें आसौदा का सागर, खरमाण का पाहड़ी तथा दो अन्य थे। आते ही सभी ने भांजे पर हमला कर दिया। मैं व साथी भांजे को छुड़वाने लगे तो हमलावरों ने मुझे पकड़ लिया। पाहड़ी नाम के युवक ने बीयर की बोतल उठाकर मेरे मुंह पर मारी। फिर टूटी हुई बोतल से पुनः दो बाहर चेहरे पर वार किए। मैं खून से लथपथ हो गया। वहीं सागर ने पिस्तौल का बट लक्ष्य के पांव पर मारा और उस पर पिस्टल तानकर जान से मारने की धमकी भी दी। उधर, सदर थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपों की सत्यता स्पष्ट हो सकेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### 17 साल देश सेवा करने के बाद गांव लौटे सचिन का जाखोदा बाईपास स्थित किसान चौक पर किया स्वागत

# सेवानिवृत्ति पर सचिन फौजी का ग्रामीणों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भारतीय सेना से सेवानिवृत्ति के बाद अपने गांव लौटे सचिन फौजी का बहादुरगढ़ इलाके में जोरदार अभिनंदन किया गया। यहां जाखोदा बाईपास किसान चौक पर कुलासी के ग्रामीणों और पूर्व फौजियों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। उनको स्मृति चिह्न भेंट किया गया। सुरेश फौजी, अजीत सिंह, महावीर, संजू, सेठी, मनीष सहित गांव के कई लोग इस अवसर पर मौजूद रहे। बुजुर्गों ने कहा कि सचिन फौजी ने 17 साल तक देश सेवा की है। अपने गांव व देश का मान बढ़ाया है। हमें यकीन है कि अब सेवानिवृत्ति के बाद भी सचिन राष्ट्र व समाज सेवा के कार्यों में आगे रहेंगे।



बहादुरगढ़। सचिन फौजी का अभिनंदन करते कुलासी के ग्रामीण।

## सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका को दी भावनात्मक विदाई

**बहादुरगढ़।** गांव लोवा कलां स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय की हेड इंचार्ज छोटा रानी की सेवानिवृत्ति पर पाठशाला स्टाफ समेत शहर के गणमान्य लोगों ने यादगार विदाई दी। उन्होंने शिक्षा विभाग में करीब 30 साल 1 महीने तक अपनी सेवाएं दीं। वेद प्रधान की धर्मपत्नी छोटा रानी की सेवानिवृत्ति पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने उनके शैक्षणिक कार्यों की सराहना की। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि शिक्षक का समाज निर्माण में सबसे बड़ा योगदान देता है। ऐसे समर्पित शिक्षकों की वजह से ही देश का भविष्य मजबूत बनता है। पूर्व विधायक राजेंद्र जून ने कहा कि शिक्षिका छोटा रानी ने अपने पूरे कार्यकाल में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। शबनम राजेंद्र जून व उनकी पुत्रवधू प्रेरणा शास्त्री जून के अलावा रवि खत्री, तेजबीर दलाल, नरेश जून, प्रदीप यादव, कमल अरोड़ा, आजाद राठी व सीटू बराही समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। छोटा रानी को सम्मानित करते सांसद दीपेंद्र हुड्डा व अन्य।